**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1673**
**सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)**

## आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के अंतर्गत जारी की गई धनराशि

**1673. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:**
**श्री पिनाकी मिश्राः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों की महाराष्ट्र सहित राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) देश में आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अंतर्गत आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में क्या उपलब्धि हासिल की गई है;

(ग) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अंतर्गत विस्तार अवधि के दौरान पंजीकृत नए कर्मचारियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विस्तार अवधि के दौरान आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के तहत दावा की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) 30 जून, 2021 से 31 मार्च, 2022 की विस्तार अवधि के दौरान आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अंतर्गत किए गए वास्तविक व्यय का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क): से (ङ): महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के तहत लाभार्थियों की संख्या अनुबंध-**I** में दी गई है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान योजना के लिए 6400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस योजना के प्रारंभ से दिनांक 30.01.2023 तक 8773.00 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं और इस योजना के तहत 60.26 लाख लाभार्थियों को 8483.75 करोड़ रुपये के लाभ की राशि उपलब्ध कराई गई है।

विस्तार अवधि दिनांक 30 जून, 2021 से 31 मार्च, 2022 के दौरान एबीआरवाई के तहत पंजीकृत नए कर्मचारियों और दावा की गई निधियों/किए गए वास्तविक व्यय का ब्यौरा अनुबंध- II में दिया गया है।

एबीआरवाई योजना के तहत पंजीकृत सभी लाभार्थियों को पंजीकरण की तारीख से 2 वर्ष की अवधि के लिए लाभ दिया जाता है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा के दिनांक 13.02.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1673 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| राज्य-वार लाभार्थियों की संख्या (दिनांक 30.01.2023 तक) | |
|---|---|
| **राज्य का नाम** | **लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या** |
| अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 477 |
| आंध्र प्रदेश | 166355 |
| अरुणाचल प्रदेश | 514 |
| असम | 19777 |
| बिहार | 28130 |
| चंडीगढ़ | 64616 |
| छत्तीसगढ़ | 84951 |
| दिल्ली | 226691 |
| गोवा | 20880 |
| गुजरात | 642466 |
| हरियाणा | 398413 |
| हिमाचल प्रदेश | 83192 |
| जम्मू और कश्मीर | 19349 |
| झारखंड | 62608 |
| कर्नाटक | 484739 |
| केरल | 96063 |
| लद्दाख | 186 |
| मध्य प्रदेश | 204334 |
| महाराष्ट्र | 975696 |
| मणिपुर | 1689 |
| मेघालय | 1210 |
| मिजोरम | 377 |
| नागालैंड | 234 |
| ओडिशा | 89148 |
| पंजाब | 170498 |
| राजस्थान | 325530 |
| सिक्किम | 3764 |
| तमिलनाडु | 815091 |
| तेलंगाना | 281763 |
| त्रिपुरा | 5440 |
| उत्तर प्रदेश | 431620 |
| उत्तराखंड | 93315 |
| पश्चिम बंगाल | 226794 |
| **कुल योग** | **6,025,910** |

**स्रोतः ईपीएफओ, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**

**अनुबंध- II**

**लोक सभा के दिनांक 13.02.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1673 के भाग (ग) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**दिनांक 30 जून, 2021 से 31 मार्च, 2022 अवधि के दौरान एबीआरवाई के तहत पंजीकृत नए कर्मचारियों और दावा की गई निधियों/वास्तविक व्यय का विवरण**

| क्र.स. | राज्य का नाम | नए कर्मचारी पंजीकृत (दिनांक 30-06-21 से 31-03-22) | लाभ की राशि (दिनांक 30-06-21 से 31-03-22) (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 182 | 4,873,386 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 99,898 | 1,037,921,886 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 242 | 811,408 |
| 4 | असम | 14,156 | 107,839,962 |
| 5 | बिहार | 15,994 | 226,185,737 |
| 6 | चंडीगढ़ | 35,541 | 368,550,662 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 47,798 | 539,765,182 |
| 8 | दिल्ली | 140,594 | 1,192,288,184 |
| 9 | गोवा | 11,560 | 109,455,282 |
| 10 | गुजरात | 366,850 | 3,510,149,352 |
| 11 | हरियाणा | 241,439 | 2,190,923,532 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 43,983 | 472,471,424 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 9,885 | 152,362,277 |
| 14 | झारखंड | 35,490 | 426,324,321 |
| 15 | कर्नाटक | 291,270 | 2,962,816,102 |
| 16 | केरल | 54,919 | 628,570,835 |
| 17 | लद्दाख | 189 | 1,293,102 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 116,535 | 1,344,035,929 |
| 19 | महाराष्ट्र | 557,756 | 5,292,139,211 |
| 20 | मणिपुर | 756 | 6,590,037 |
| 21 | मेघालय | 471 | 17,018,073 |
| 22 | मिजोरम | 132 | 5,210,124 |
| 23 | नागालैंड | 99 | 1,189,016 |
| 24 | ओडिशा | 49,216 | 617,904,692 |
| 25 | पंजाब | 89,006 | 1,206,932,083 |
| 26 | राजस्थान | 187,928 | 1,920,662,004 |
| 27 | सिक्किम | 1,790 | 27,643,619 |
| 28 | तमिलनाडु | 488,655 | 4,009,094,123 |
| 29 | तेलंगाना | 170,780 | 1,410,358,616 |
| 30 | त्रिपुरा | 2,654 | 37,037,724 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 246,399 | 2,889,751,140 |
| 32 | उत्तराखंड | 53,023 | 540,999,663 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 142,194 | 1,240,445,921 |
| **योग** | | **3,517,384** | **34,499,614,609** |

**स्रोतः ईपीएफओ, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**